## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले। आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में विश्व के खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है।

**********************

कोडरमा ग्रीजली कॉलेज आफ एजुकेशन में आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद–खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '**जो खेलेगा, वही खिलेगा**' संदेश से देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि '**खेलो इंडिया**' और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**********************

इधर हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में भी कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखा। राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी रिया कुमारी ने प्रधानमंत्री के संबोधन को प्रेरणादायक बताते हुए पैरा खिलाड़ियों के उल्लेख पर खुशी जताई।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट में सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। प्रार्थी ने मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह किया। चीफ जस्टिस एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 31 अगस्त निर्धारित की है।

**********************

साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर आज दोपहर दो बजे 27 दशमलव 80 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 55 सेंटीमीटर ऊपर है। जिला प्रशासन ने कारगिल दियारा, लाल बथानी दियारा और मखमलपुर सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सूखा भोजन, चूड़ा–गुड़, मोमबत्ती और तिरपाल वितरित किए। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में कंट्रोल रूम के नंबरों पर सूचना देने को कहा गया है।

**********************

हजारीबाग पुलिस ने गुम मोबाइल फोन की बरामदगी के अभियान में सफलता हासिल करते हुए 65 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर तकनीकी जांच और ट्रैकिंग के जरिए विभिन्न थाना क्षेत्रों से ये मोबाइल बरामद किए। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में सभी मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर धारकों ने हजारीबाग पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार जताया।

**********************

झारखंड में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने कल से 31 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाएं और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। कल हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, बोकारो, रामगढ़, रांची और खूंटी में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 29 अगस्त को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह तथा 30–31 अगस्त को दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में भारी बारिश हो सकती है।

******************